जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-30 | जयपुर, सोमवार, 11 अगस्त, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## खादी हुई हाई-टेक ! अब एआई से चमकेगी नए भारत की नई खादी

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** खादी ग्रामोद्योग अब नए रूप में दिखेगा! कपड़ों और लेदर के सामान की डिजाइनिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ली जाएगी। खादी इंडिया का पोर्टल 15 अगस्त से पहले अपडेट हो जाएगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। पहली बार, खादी उत्पाद आर्मी CSD कैंटीनों में भी मिलेंगे।

खादी ग्रामोद्योग के कपड़ों और लेदर के सामान सहित दूसरी चीजों की डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग में बड़े बदलावो पर काम हो रहा है। इसमें आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) की भी मदद ली जाएगी। खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन (KVIC) के चेयरमैन मनोज कुमार ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त से पहले खादी इंडिया का अपग्रेडेड पोर्टल लॉन्च करने की तैयारी है। साथ ही पहली बार आर्मी CSD कैंटीनों में खादी के उत्पाद बेचने के लिए करार भी होने वाला है।

**होगा AI का उपयोग-**

KVIC के चेयरमेन मनोज कुमार ने हम ग्राहको, खासतौर से युवाओं का नाता नए भारत की नई खादी से मजबूती से जोड़ने पर



काम कर रहे है। AI के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल का विचार है। इससे खादी ग्रामोद्योग के कपड़ों और लेदर प्रोडक्ट्स सहित तमाम उत्पादों की डिजाइनिंग से लेकर लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन तक में बदलाव किया जा सकता है। आने वाले समय में ग्राहक की डिमांड के मुताबिक पर्सनलाइज्ड प्रोडक्ट तैयार किए जा सकते है। स्किल सेंटर्स के मॉडर्नाइजेशन में भी AI से मदद मिलेगी।



## साईं मंदिर में सजायी साईं बाबा की मनमोहक झांकी

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर में सावन में गुरुवार को साई बाबा की मनमोहक झांकी सजाई गई ।

मंदिर महंत रिटायर्ड कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने बताया कि सावन का महीना चल रहा है और शिवालय में भक्तों का ताँता लगा हुआ है। सावन को देखते हुए आज गुरुवार को साई बाबा की फूल बंगला झांकी सजाई गई जो भक्तों को आकर्षित कर रही थी।

वहीं शिवालय में भी भोले नाथ की झांकी सजाई गयी । जो भी इस मंदिर में सच्चे मन से बाबा के दर्शन करता है उसकी सभी इच्छाएं बाबा पूर्ण करता है ।



## सर्व समाज की बहिनों ने सीएम भजनलाल शर्मा को बांधी राखी

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर की 71 ब्राह्मण एवं सर्व समाज की बहिनो ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मंत्रोच्चारण के साथ राखी बांधी और उनकी दीघार्यु और लंबे शासन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की संयोजक और राजस्थान ब्राह्मण महासभा की प्रदेश अध्यक्ष अरुणा गौड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री को भगवान परशुराम तथा अन्य तरह की राखियां बांधी गई और उन्हें श्रीराम नाम का दुपट्टा ओढ़ाकर साफा पहनाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी बहिनों को सुख और समृद्धि का आशीर्वाद दिया और धर्म और राष्ट्र हित में सदैव काम करते रहने का संदेश दिया। सभी बहिनों को मुख्यमंत्री की तरफ से स्वल्पाहार करवाया गया। ब्राह्मण एवं सर्व समाज की बहिनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधकर खुद को गौरवान्वित महसूस किया।

## खेल स्टेडियम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाए पौधे

**चौमूं (हमारा वतन)।** भाजपा राजस्थान के आह्वान पर चल रहे वन एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत चौमूँ के खेल स्टेडियम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा वृक्षारोपण एवं पौधे वितरण किए गए।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और क्षेत्र के जागरूक नागरिकों के साथ मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों पौधों का निःशुल्क वितरण भी किया गया ।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान आज प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश में एक जन आंदोलन का रूप ले चुका है और भाजपा राजस्थान द्वारा वन एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 10 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।



इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं वन एवं पर्यावरण अभियान संयोजक अर्चना कुमावत, जिला जयपुर देहात उत्तर प्रवक्ता अरविंद यादव, जिला मंत्री मुकेश चोपड़ा, जिला आईटी प्रभारी नितिन खंडेलवाल, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, बजरंग लाल सोनी, रमेश शर्मा, कालूराम जाट, सह संयोजक संदीप कुमावत और धर्मेंद्र बंजारा,अमित सैनी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे।

## फिल्म निर्देशक उग्रसेन तंवर ने किया अपने गुरु पंडित राजेंद्र राव का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर शहर के जवाहर कला केंद्र में पारंपरिक लोक नृत्य कार्यशाला शिविर चल रहा है। नृत्य गुरु पंडित राजेंद्र राव के निर्देशन में 18 वर्ष से अधिक उम्र के 40 से अधिक प्रतिभागी लोक नृत्य का प्रशिक्षण ले रहे हैं । प्रशिक्षण के दौरान आज फिल्म निर्देशक और अभिनेता उग्रसेन तंवर शिविर स्थल पर पहुंचे और अपने गुरु पंडित राजेंद्र राव और उनकी सहायक प्रीति मारवाल का सम्मान किया।



इस दौरान अभिनेत्री ज्योत्सना कौशिक भी मौजूद रही।

पंडित राजेंद्र राव ने बताया कि आगामी दिनों में प्रतिभागियों को घूमर, चिरमी, मंजीरा नृत्य सिखाए जाएंगे। सावन के गीत, कृष्ण भजनों पर नृत्य करने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यशाला का समापन 19 अगस्त को शाम 6:30 बजे रंगायन में होगा। इस अवसर पर प्रतिभागी सामूहिक प्रस्तुति देंगे।

**स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !**

### अंबेडकर विकास समिति चौमूं

जिला-जयपुर द्वारा संचालित केंद्र एवं भंडार

1. कताई बुनाई उत्पत्ति केंद्र, हाथनौदा, तहसील-चौमूं,- जिला जयपुर
2. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बुनकर बस्ती चौमूं, जिला- जयपुर 303702
3. खादी ग्रामोद्योग भंडार, बजाज नगर, जयपुर
4. खादी ग्रामोद्योग भंडार, पहाड़ा, कालक्या माता आरटीओ रोड, उदयपुर 313001

हमारे उत्पाद
दरी, फर्श,खेश, आलमारी, टेबल, स्टूल, मसाला एवं अन्य ग्रामोद्योग सामान



मोहन लाल बुनकर, अध्यक्ष | रामजी लाल वर्मा, मंत्री | शंकर लाल वर्मा, सहा. मंत्री



**हमारा वतन** समाचार पत्र की ओर से
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं !

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**खादी मंदिर**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित)

पब्लिक पार्क के पास, खादी परिसर बीकानेर

**हमारे विशेष उत्पादन**

सूती खादी , प्रसिद्ध सूती गाढ़ा, दो सूती, छींट, दरी, फर्श इत्यादि
ऊनी खादी का उत्पादन हमारी विशेषता है

फूसराज छलांणी - अध्यक्ष मो.9435037303
इन्द्रभूषण गोईल- मंत्री मो.9314443703

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**राजस्थान खादी विकास मण्डल**

गोविंदगढ़ - मलिकपुर, जिला - जयपुर (राजस्थान)
पिन-303712, संपर्क -7597928160

खादी आर्थिक आज़ादी की प्रतीक है,
खादी वर्गभेद को मिटाती है

खादी व ग्रामोद्योग अपनाइए, यह पर्यावरण के अनुकूल है।

**संस्था के बिक्री केन्द्र**

खादी भण्डार, बापू बाजार- उदयपुर, खादी भण्डार, एम. आई. रोड- जयपुर, खादी भण्डार- सीकर, खादी भंडार- रेनवाल, खादी भण्डार - नवलगढ़, खादी आश्रम - सांभर लेक, खादी आश्रम - दांतारामगढ़, खादी आश्रम -बांसा और खादी आश्रम -गोविंदगढ़।

**संस्था के मुख्य उत्पाद** - सूती खादी, दरी कामदार, ऊनी खादी - जेंट्स शॉल, लेडीज़ शॉल, ट्वीड व रेडीमेड। पोलिवस्त्र - टीटी, शर्टिंग गाढ़ा ।
अखाद्य तेल से निर्मित कपड़े धुलाई का साबुन
और सभी प्रकार का स्टील फर्नीचर।

कृपया हमारे उपरोक्त भंडारों से खादी व ग्रामोद्योग खरीद कर अनुग्रहित करें।

निवेदक - समस्त संस्था परिवार

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**जनकल्याण खादी ग्रामोद्योग संस्थान**

सरकारी स्कूल के पीछे,बुनकर बस्ती,कंवरपुरा कुम्भपुरिया,
तहसील-चौमूं, जिला-जयपुर (राज.) -303804,
संपर्क -9799659939

**बिक्री केंद्र**

कुम्भपुरिया,चौमूं, जयपुर (राज.), शिकारगढ़ ,जोधपुर (राज.),

**प्रमुख उत्पाद** - सूती खादी, ऊनी, रेशमी, पोलिवस्त्र एवं ग्रामोद्योग उत्पाद ।

हर हिन्दुस्तानी का एक ही नारा
खादी वस्त्र के साथ विचार हमारा !

संरक्षक - ओमकार मल गहलोत

अध्यक्ष - गंगाराम वर्मा
उपाध्यक्ष - सुरेश कुमार
मंत्री - पूरणमल बुनकर
व्यवस्थापक - हीरा देवी

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

# उत्तरकाशी धराली दैवीय आपदा में दिवंगत आत्माओं को दी श्रद्धांजलि



**देहरादून (हमारा वतन)।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तराखंड द्वारा मसीही ध्यान केंद्र में गढ़वाल मंडल के शिक्षकों का तीन दिवसीय कौशलम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में राइका मरोड़ा (सकलाना) से पहुंचे पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के सौजन्य से प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर उत्तरकाशी के धराली क्षेत्र में आई प्राकृतिक दैवीय आपदा में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन व मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनकी स्मृति में पौधारोपण भी किया गया।

डॉक्टर सोनी ने कहा कि उत्तरकाशी के धराली में आई दैवीय आपदा से दिल क्षुब्त है अत्यन्त दुःखत घटना है । उस आपदा में दिवंगत आत्माओं के लिए मेरे द्वारा अपने साथी शिक्षक शिक्षिकाओं, संदर्भ दाताओं तथा एससीईआरटी के सहायक निदेशक कृष्णानंद बिजल्वाण, राज्य समन्वयक सुनील भट्ट के साथ मोमबत्ती प्रज्ज्वलित कर दिवंगत आत्माओं को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई और आपदा में दिवंगत लोगों की स्मृति में पौधों का रोपण किया गया।

राशिसं टिहरी के जिलाध्यक्ष दिलबर रावत ने वृक्षमित्र डॉ. सोनी के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसा सोचना भी बहुत बड़ी बात है। आज लोगों के पास समय नहीं है । वहीं डॉ. सोनी मोमबत्ती व पौधों की व्यवस्था करके लाए जिसमे सभी लोगों ने प्रतिभाग किया।

एससीईआरटी के सहायक निदेशक कृष्णानंद बिजल्वाण ने अपने संबोधन में कहा कि कौशलम प्रशिक्षण का लाभ हर विद्यालय तक पहुंचे और उद्यमशीलता के लिए छात्रों को सक्षम बनाएंगे। कार्यक्रम में डॉ. मनोज कुमार शुक्ला, श्रुति कुकरेती, आशीष कुड़ियाल, प्रदीप सकलानी, डॉ. डौली आर्या, कविता इष्टवाल, प्रमोद कुमार, महेंद्रदत्त बंगवाल, दिव्या जोशी, सुवृतिका नेगी, रविंद्र रावत, केशव मोहन बिजल्वाण, प्रमोद बिजल्वाण आदि उपस्थित रहे ।

# झरोखा लहरिया उत्सव में समृद्ध होगी राजस्थानी संस्कृति

## 14 अगस्त को हाथोज बाग रिसॉर्ट में होगा लहरिया उत्सव



**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और रंगों से सराबोर झरोखा लहरिया उत्सव में राज्य की कला और विरासत की जीवंतता देखने को मिलेगी। विआन ग्रुप और बन्नाजी फिल्म्स की अगुवाई में सोल डांस एकेडमी और शिव ज्वैलर्स के तत्वावधान में 14 अगस्त, 2025 को कालवाड़ रोड़ स्थित हाथोज बाग में झरोखा लहरिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

वैशाली नगर स्थित स्वर्णा कॉस्मेटिक परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बन्नाजी फिल्म्स के डायरेक्टर गजराज सिंह नाथावत, शिव ज्वैलर्स के डायरेक्टर हुकुम सिंह राठौड़, सोल डांस एकेडमी से नेहा विजयवर्गीय, मरुधर हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. रिम्मी शेखावत, शिवराज सिंह, केवा काईपो इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर हेमन्त चंदवानी, महागुरु आयुर्वेद के डायरेक्टर लालचंद कुमावत, करणी कैटर्स के डायरेक्टर किशन सिंह, हाथोज बाग रिसॉर्ट के डायरेक्टर महेश यादव, बेटी फाउंडेशन से राहुल शर्मा व राज शर्मा, वैश्वी मल्टीवेंचर्स प्रा.लि. के एमडी अमन वर्मा, मिस इंडिया क्राउन अम्बिका माथुर, कावेरी चौधरी, आंचल चौधरी, सिद्धि राठौड़, एंजेल चौहान, रिया महावर, नैना कुमारी, अंकिता सिंह, खुशी प्रजापत ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।

विआन ग्रुप एवं बन्नाजी फिल्म्स के डायरेक्टर गजराज सिंह नाथावत ने बताया कि झरोखा लहरिया उत्सव का उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना है, जिसमें पारंपरिक कलाओं, शिल्पों और प्रदर्शनों को प्रदर्शित किया जाएगा। उत्सव में लहरिया थीम पर फैशन शो, राधाकृष्ण थीम पर नृत्य नाटिका, राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुतियां होगी। साथ ही राजस्थानी संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन करती पारंपरिक संगीत और नृत्य, स्थानीय हस्तशिल्प और प्रामाणिक व्यंजनों का स्वाद आदि शामिल है। झरोखा लहरिया उत्सव में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली 161 महिलाओं का सम्मान भी किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**नागौर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ**

बासनी रोड़, नागौर (राज.) फोन : 01582-240464

गांधीजी की शोषण मुक्त, श्रमनिष्ठ नई समाज रचना के लिए प्रतिबद्ध

संस्था द्वारा उत्पादित ऊनी, खादी, मेरीनो, देसी, मिक्स मेरीनो तथा पोली वूल माल, कोटिंग, लेडीज शाल , राजीव शाल , मफलर, होजरी ,कोट, जाकेट, गाऊन, जर्सी, स्वेटर, टोपा, दस्ताना, पट्टू आदि

**संस्था के केन्द्र**
- उत्पादन केंद्र : 4
- बिक्री भण्डार : 6
- कार्डिंग प्लांट : 1
- होजरी प्लांट : 1

खादी भंडार एम्पोरियम संस्था प्रांगण, नागौर
केंद्रीय वस्त्रागार - खादी स्ट्रीट, रानी बाजार, बीकानेर (राज.)
फोन : 0151-2544040

इंद्र भूषण गोईल - उपाध्यक्ष मो. 9314443703
त्रिलोकराम गर्ग - मंत्री मो. 9251284893

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**भरतपुर जिला खादी ग्रामोद्योग समिति, भरतपुर -231001**

बापू के सपनों को साकार करें, ताकि देश स्वावलम्बी बन सके।

❐ सूती खादी, ऊनी खादी, रेशमी खादी
❐ ग्रामोद्योग को बेरोजगारी निवारण हेतु अपनाएं

**शाखा केन्द्र**
कामा , डीग, नगर , रूपवास, नदबई
खादी निकेतन भरतपुर, खादी भण्डार, भरतपुर
खादी - प्रतिष्ठान भरतपुर, चर्म केन्द्र आदि।

संजीव गुप्ता - अध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री
दाउ दयाल सिंघल - सह मंत्री

## जॉब्स

1. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद सिक्योरिटी अस्सिटेंट, पद संख्या 4987, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2025
2. भारतीय रेलवे, पद पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 434, अंतिम तिथि 8 सितंबर 2025
3. आरएसएमएसएसबी, पद प्लाटून कमांडर, पद संख्या 84, अंतिम तिथि 21 अगस्त 2025
4. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद जूनियर एसोसिएट क्लर्क, पद संख्या 5180, अंतिम तिथि 26 अगस्त 2025
5. बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ), पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 3586 अंतिम तिथि 24 अगस्त 2025
6. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट एग्रीकल्चर इंजीनियर, पद संख्या 281, अंतिम तिथि 26 अगस्त 2025
7. यूपीएससी, पद ईपीएफओ ई ओ/ए ओ/एपीएफसी, पद संख्या 230, अंतिम तिथि 18 अगस्त 2025
8. आईबीपीएस, पद क्लर्क, पद संख्या 10277, अंतिम तिथि 21 अगस्त 2025



# जयपुर में कचरा कलेक्शन में हो रही लापरवाही

## कॉल सेंटर पर मिली शिकायतों पर हुआ एक्शन, 18.73 लाख की पेनल्टी लगाई

जयपुर(नि.सं.)। जयपुर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लापरवाही पर नगर निगम ग्रेटर प्रशासन ने एक्शन लिया है। निगम ने तीन कंपनियों पर 18.73 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई है। यह कार्रवाई कॉल सेंटर पर दर्ज शिकायतों की जांच के बाद की गई है। अधिकारियों को शिकायतों की जांच में कचरा कलेक्शन में कमियां पाई गई थी। नगर निगम ग्रेटर एरिया में अभी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का काम अर्बन एन्वायरो बेस्ट मैनेजमेंट, रवि ट्रेवर्ल्स और वी-केयर कंपनी करती है।

ये कंपनियां 6 जोन एरिया मालवीय नगर, सांगानेर, मुरलीपुरा, जगतपुरा, झोटवाड़ा और विद्याधर नगर में काम करती है। अर्बन एन्वायरो बेस्ट मैनेजमेंट पर सबसे ज्यादा पेनल्टी इसमें वी-केयर कंपनी पर मालवीय नगर और मुरलीपुरा जोन एरिया में काम में लापरवाही पर 4 लाख 13 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई। इसी तरह रवि ट्रेवर्ल्स पर सांगानेर और विद्याधर नगर जोन एरिया में काम में लापरवाही बरतने पर 6.27 लाख रुपए और अर्बन एन्वायरो बेस्ट मैनेजमेंट पर जगतपुरा और झोटवाड़ा जोन में लापरवाही बरतने पर 8.32 लाख रुपए कटौती की है।

इस कारणों से लगाई पेनल्टी

नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक हूपर्स पर तय मानकों से काम नहीं करने, उन पर लगे ऑडियो सिस्टम खराब होने, कर्मचारियों द्वारा वर्दी और आईडी कार्ड नहीं पहनने, तय रूट पर न जाकर अपनी मर्जी से वाहनों का संचालन करने पर सख्ती जताते हुए नगर निगम कमिश्नर डॉ. गौरव सैनी ने इन पर पेनल्टी लगाने के आदेश दिए।

(कविता)

## प्रेम

जाते हुए अषाढ़
और आते हुए सावन की
पहली बारिश की बौछार का
जिस्म पर होता रुमानी एहसास प्रेम
चांद की दूधिया रोशनी में
यकायक नजर आना
प्रियतम का अक्ष
विरह व्याकुल प्रेयसी को प्रेम
क्षीतिज तक उठती
लहरों का आकर छूना किनारे को
और फिर तेजी से
मिल जाना समंदर में,
कोई चला जाता हो
तड़पा कर जैसे प्रेम में
ये जिस्म फिर भीग गया उस धार में
और नम आंखें रह गयी
तरसती एक बार फिर
प्रेम के ऐहसास को



**विनोद शर्मा वेणु,**
नेछवा सीकर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**राजस्थान खादी संघ**

पोस्ट खादीबाग 303702 चौमूं, जयपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

देश को आर्थिक गुलामी से बचाने, पिछड़े वर्ग एवं बेरोज़गार लोगों को राहत पहुंचाने तथा विषमता निवारण में सहयोग देने हेतु खादी एवं ग्रामोद्योग वस्तुएं अपनाइए

राजस्थान खादी संघ के समूचे राजस्थान प्रदेश में स्थित बिक्री केंद्र

❒ खादीघर, एम आई रोड, जयपुर ,खादी भंडार, जौहरी बाजार,खादी भण्डार अम्बर भवन, बापूनगर जयपुर, ग्राम शिल्प जवाहर नगर, जयपुर एवं खादी भंडार अजमेर, पाली, भीमगंज मंडी (कोटा), कैथून (कोटा), राजस्थान खादी संघ।
❒ खादी भंडार जोधपुर, चुरू, रतनगढ़ ,राजगढ़ ,सरदारशहर, राजलदेसर, भादरा, तारानगर, खादीबाग ,खादी भंडार चौमूं ,कालाडेरा और निवाणा ।

हमारे उत्पाद

सूती, ऊनी ,रेशमी खादी, पोली वस्त्र, कोटा डोरिया, साड़ियां एवं स्टील फनीचर, साबुन, अगरबत्ती, तेल, शुद्ध मसाले, चर्म सामान आदि ग्रामोद्योगी वस्तुएं खरीदिए।

ललित कुमार सैनी : अध्यक्ष
गोविंद कुमार मिश्रा : मंत्री
चमेल सिंह : उपाध्यक्ष
महेश कुमार शर्मा : सहायक मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**ग्रामोद्योग समिति बांसवाड़ा**

(खादी ग्रामोद्योग कमीशन द्वारा प्रमाणित) फोन - 0296 - 2243518

❉ खादी भंडार, सब्जी मंडी, बांसवाड़ा - फोन 22427 87
❉ ग्राम शिल्प, राती तलाई, बांसवाड़ा
❉ खादी ग्रामोद्योग भंडार, प्रतापगढ़ (चित्तौड़गढ़)
❉ खादी उत्पादन केंद्र ,बागीदौरा (बांसवाड़ा)
❉ खादी मंदिर, कलेक्ट्री के सामने, बांसवाड़ा
❉ खादी ग्रामोद्योग भंडार, घाटोल
❉ खादी निकेतन, बागीदौरा
❉ लुहारी उत्पादन केंद्र, बांसवाड़ा

सभी प्रकार की सूती-ऊनी खादी, दरी, फर्श, ऊनी कंबल, रेडीमेड सूती ऊनी तथा ग्रामोद्योगी वस्तुओं व लोहवस्तु ऑफिस एवं गृह उपयोगी सामान का प्राप्ति स्थल

मृदुला सामवेदी - अध्यक्ष
स्वदेशी महत्ता याने अपनी महत्ता
इच्छा शंकर शर्मा - मंत्री

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**हाड़ौती खादी ग्रामोद्योग समिति, कोटा**

पिछड़े वर्गों का उत्थान करने, बेरोजगार हाथों को पूर्णकालिक या आंशिक काम देने और राष्ट्रपिता बापू के सपनों को साकार करने के लिए खादी और ग्रामोद्योगी वस्तुओं का प्रयोग कीजिए।

हमारे बिक्री भण्डार

❒ खादी भण्डार रामपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार बूंदी ❒ खादी भण्डार झालावाड़ ❒ खादी भण्डार बारां ❒ खादी भण्डार इटावा ❒ खादी भण्डार केशवपुरा, कोटा ❒ खादी भण्डार सवाई माधोपुर

उत्पादन केन्द्र

● खादी आश्रम कोटा
● खादी आश्रम बूंदी
● खादी आश्रम मांगरोल
● खादी आश्रम अटरू

विशेषताः कोटा डोरिया साड़ी, सूती खादी ,पोलीवस्त्र , दरी फर्श का प्रमुख उत्पादन।

अटरू विशेष योजना कार्यक्रम : हाडौती खादी ग्रामोद्योग समिति कोटा द्वारा बारां जिले के अटरू पंचायत समिति में विशेष रोजगार।

रविभूषण शिरोमणि - अध्यक्ष
राधेश्याम गुप्ता - उपाध्यक्ष



कमल किशोर शर्मा - मंत्री
प्रवीण कुमार शर्मा - मुख्य व्यवस्थापक

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**खादी ग्रामोद्योग भण्डार**

(अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग द्वारा प्रमाणित)



- प्लाट नं. 65 बी, बौद्ध विहार कॉलोनी, कचोलिया रोड वार्ड नं.18 , चौमूं जिला - जयपुर
म.नं. 3252 , जयलाल मुंशी का रास्ता, आखिरी चौराहा , संतोषी माता मंदिर के पास, चांदपोल बाजार, जयपुर - राज.
- रोड़ नं.1, रामा टेलीकॉम के सामने, मुरलीपुरा, जयपुर, मो.- 9782658589

हर प्रकार की खादी व रेडीमेड वेस्टर्न कुर्ता, पायजामा , दरीफर्श , दरियां , खेश , बेडशीट, डरीपट्टी, रजाई , गद्दी, डस्टर, बस्ता, ग्रामोद्योग साबुन , स्टील फर्नीचर, फुटकर व सरकारी सप्लाई के लिए संपर्क करें

हरिनारायण शर्मा, चौमूं द्वारा संचालित मो.9829161216

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**लोक सेवा समिति, नगर ( जिला - भरतपुर)**

हमारे खादी उत्पादन
दरी, फर्श, गाढ़े , जे.डी. 4, जाजम, कम्बल आदि

ग्रामोद्योग उत्पाद
शुद्ध घाणी तेल (पावन घाणी), सागर साबुन व सर्फ

आचार, मुरब्बा में लोहे का सब प्रकार का सामान

हमारे बिक्री भण्डार : ■ नगर, पहाड़ी , लक्ष्मणगढ़
■ ग्राम शिल्प- बस स्टैंड , नगर, ■ मादीपुर - नई दिल्ली

बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध करायें : निर्धारित छूट का लाभ उठाएँ

दीनदयाल शर्मा - अध्यक्ष
धर्मवीर सिंह - उपाध्यक्ष
राजेंद्र प्रसाद शर्मा - मंत्री

डाक पंजीयन संख्या : RJ/JPM/158/2024-26
(DAVP-Code No.- 120390) RNI No. 10311/1965
हमारा वतन
जयपुर, सोमवार, 11 अगस्त, 2025
टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# भारतीय संस्कृति की पहचान रक्षाबंधन

रक्षा बंधन पर भाई की ओर से बहन की रक्षा का वचन लेने से भी एक प्रसंग जुड़ा हुआ है जिसमें कहा गया है कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। भारतीय संस्कृति में भाई-बहन का रिश्ता बेहद पवित्र, भावनात्मक और आत्मिक माना जाता है। इस रिश्ते की गहराई और स्नेह को समर्पित है 'रक्षा बंधन' का पर्व। यह पर्व न केवल पारिवारिक प्रेम का प्रतीक है, बल्कि भारतीय समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश देता है। श्रावण मास की पूर्णिमा को पड़ने वाले इस पर्व के लिए बहनें सप्ताह भर पहले से ही तैयारियों में जुट जाती हैं। यदि भाई दूर रहता है तो उसे महीने भर पहले ही राखी भेज दी जाती है। भाइयों को भी रक्षाबंधन पर बहन के आने का या उसकी भेजी हुई राखी के आने का बेसब्री से इंतजार होता है। छोटे बच्चों को तो यह त्यौहार इसलिए भी पसंद होता है क्योंकि उन्हें अपने मनपसंद कार्टून कैरेक्टरों की राखी पहनने को मिलती है। रक्षाबंधन पर पूरा बाजार रंग बिरंगी राखियों से भर जाता है इसमें अधिकतर चीन में बनी राखियां होती हैं यह आकर्षक तो लगती हैं लेकिन जो भगवा अथवा लाल, पीले धागे की सुंदरता के आगे यह फीकी नजर आती हैं।इस दिन बहनें अपने भाई के हाथ पर राखी बांधकर जहां उनकी उन्नति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हैं वहीं भाई भी सदैव अपनी बहन की रक्षा की प्रतिज्ञा लेता है और उपहार स्वरूप बहन की मनपसंद वस्तु देकर उसे प्रसन्न करता है। इस दिन बहनों को चाहिए कि वह सुबह हनुमानजी और पितरों की पूजा करें और उनके ऊपर जल, रोली, मोली, चावल, फूल, प्रसाद, नारियल, राखी, दक्षिणा, धूपबत्ती, दीपक जलाकर पूजा करें यदि घर में ठाकुर जी का मंदिर हो तो उसकी पूजा भी करें।इस दिन सुबह बहनें तैयार होकर पूजा की थाली सजाती हैं। इस थाली में राखी, रोली, हल्दी, चावल और मिठाई रखी जाती है। भाई की आरती उतारने के लिए थाली में दीपक भी रखा जाता है। इस पर्व के दिन बहनें व्रत भी रखती हैं और भाई को राखी बांधने के बाद ही कुछ खाती हैं। भाई को साफ आसन पर बिठा कर उसे टीका करना चाहिए और फिर राखी बांधनी चाहिए। इसके बाद उस पर से कोई भी वस्तु अथवा पैसा न्यौछावर करके उसे गरीबों में दे दें। इस पर्व की एक और खासियत यह है कि यह धर्म, जाति और देश की सीमाओं से परे है। राखी के रूप में बहन द्वारा बांधा गया धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में समर्थ माना जाता है। रक्षा बंधन के अवसर पर कुछ विशेष पकवान भी बनाए जाते हैं जैसे घेवर, शकरपारे, नमकपारे और घुघनी। घेवर सावन का विशेष मिष्ठान्न है। इस पर्व से जुड़े कुछ पौराणिक प्रसंग भी हैं जिनमें प्रमुख है भविष्य पुराण में वर्णित देव दानव युद्ध का प्रसंग। इसमें कहा गया है कि एक बार देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी हो रहे थे। यह देख भगवान इन्द्र की पत्नी इंद्राणी ने रेशम का धागा मंत्रों की शक्ति से पवित्र कर अपने पति के हाथ पर बांध दिया। वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इंद्र इस लड़ाई में इसी धागे की मंत्र शक्ति से विजयी हुए थे। माना जाता है कि उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है।


राम गोपाल सैनी

# मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृतिः 10 श्रमिकों तक के नियोजन पर संस्थानों को पंजीयन से मिलेगी छूट



**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रदेश में ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम-1958 की धारा-4 के अंतर्गत शिथिलता प्रदान की है।

मुख्यमंत्री शर्मा के इस निर्णय से 0 से 10 की संख्या तक श्रमिकों का नियोजन करने वाले संस्थानों को उक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन के प्रावधानों से छूट मिलेगी।

इससे छोटी दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों को व्यापार करने में सहूलियत मिल सकेगी।

राजस्थान शॉप्स एण्ड इस्टेबलिशमेंट (रेगुलेशन ऑफ इम्प्लॉयमेंट एण्ड कंडीशन ऑफ सर्विस) एक्ट, 2025 के प्रारूप को दी मंजूरी


इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम-1958 को वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित करने के क्रम में प्रस्तावित राजस्थान शॉप्स एण्ड इस्टेबलिशमेंट (रेगुलेशन ऑफ इम्प्लॉयमेंट एण्ड कंडीशन ऑफ सर्विस) एक्ट, 2025 के प्रारूप को प्रशासनिक मंजूरी भी दी है।

# जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल 2025 में सजी सुर, ताल और नृत्य की अनूठी शाम

**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर संगीत महाविद्यालय द्वारा आयोजित 'जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल 2025' का भव्य आयोजन साइंस पार्क, शास्त्री नगर स्थित प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय के आर्ट एंड कल्चर विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना कल्ला रहीं ।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु वंदना से हुआ, जिसका निर्देशन गुरु निधि बैराठी द्वारा किया गया। इसके पश्चात मेघन बियानी एवं खुशी ने राधा-कृष्ण की रास-लीला एवं छेड़छाड़ को भावपूर्ण अभिनय व मनोहारी नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में रानू शर्मा, सोनू कंवर, भारती वशिष्ठ, रजनी ग्रोवर, करण सिंह, वंदना लखन एवं प्राचार्य राम शर्मा के प्रशिक्षण में तैयार विद्यार्थियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं।

जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल में निपुण फाइनल ईयर के विद्यार्थी खुमान पाटोदिया ने राग तोड़ी के तीन प्रकारों को जिसमें गुजरी तोड़ी ,भूपाल तोड़ी और बिलासखानी तोड़ी को अनूठे अंदाज में पेश किया, जिसमें राग दारी अंग प्रमुख रहा।



कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने राग दुर्गा में बंदिश जय जय दुर्गे मात भवानी बंदिश के साथ में आलाप ओर तानों की लयकारी प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

# पशुपालन विभाग को मिली 5778 पशु परिचर की सौगात

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पशुपालन विभाग के पशु परिचर भर्ती परीक्षा- 2023 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के युवाओं को बेरोजगार नहीं रहने देने के संकल्प के परिणाम के रूप में युवाओं को यह एक और सौगात मिली है। पशुपालन विभाग में 5778 पशु परिचरों की भर्ती के लिए अंतिम परिणाम गुरूवार को राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड ने जारी कर दिया है। जल्द ही इन्हें नियुक्ति प्रदान कर दी जाएगी। कुल रिक्त 6433 पदों के विरूद्ध 5778 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया है, जिनमें से 5146 गैर अनुसूचित क्षेत्र के तथा 632 अनुसूचित क्षेत्र के पद हैं। 655 अभ्यर्थियों का परिणाम रोका गया है।

कुमावत ने कहा कि विभाग को इससे सुदूर क्षेत्रों मे काम करने में बहुत सहायता मिलेगी और सेवा प्रदायगी में भी बहुत सुधार होगा। पशुओं तथा पशुपालकों के लिए भी यह बहुत ही मददगार साबित होगा।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ !!

**क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा द्वारा प्रसारित**

**भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाइए**

"मैं आपको एक मंत्र देता हूं, जब कभी आप दुविधा में हो या आपको अपना स्वार्थ प्रबल होता दिखाई दे तो यह नुस्खा आजमा कर देखिएगा ।अपने मन की आंखों के सामने किसी ऐसे गरीब और असहाय व्यक्ति का चेहरा लाइए जिसे आप जानते हो और अपने आप से पूछिए कि आपकी करनी उसके किस काम आएगी? क्या उसे कुछ लाभ होगा क्या ? उस काम से उसे अपना जीवन और भविष्य बनाने में कुछ मदद मिलेगी, दूसरे मायने में क्या आपकी करनी हमारे देश के लाखों-करोड़ों भूखे नंगे लोगों को स्वराज्य की राह दिखाएगी ? बस इतना सोचते ही आपकी सारी दुविधा दूर हो जाएंगी और स्वार्थ पिघल कर बह जाएगा ।"

- महात्मा गांधी

11.08.1952 (12 मार्च 1992- मैत्री से साभार)

सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय खादी अवार्ड 2007 से सर्वोत्तम खादी संस्था के रूप में सम्मानित क्षेत्रीय खादी ग्रामोद्योग समिति दौसा : खादी ग्रामोद्योग की सेवा में सतत सेवारत

रामदास शर्मा
अध्यक्ष

अनिल शर्मा
मंत्री

# धूमधाम से मनाया रक्षा बंधन का त्यौहार

**जयपुर (हमारा वतन)।** शनिवार को रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। साथ ही माथे पर तिलक लगाकर उनकी दीर्घायु और खुशहाली की कामना की।



सुबह से शुरू हुआ राखी बांधने का सिलसिला देर शाम तक अनवरत जारी रहा। इस मौके पर कस्बों से लेकर ग्रामीण अंचल तक के चौराहों पर राखी और मिठाई की दुकानें सजी हुई थीं। इन दुकानों पर खूब बिक्री हुई।

रंग-बिरंगी और विभिन्न आकार की राखियां लोगों को आकर्षित कर रही थीं। सुबह से लेकर शाम तक सड़कों पर विशेष चहल-पहल देखी गई। बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ती रही। दुकानदारों ने इस त्यौहार पर अच्छा व्यापार किया। परिवारों में भाई-बहन के बीच स्नेह और प्यार का यह त्यौहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।